# एआई में भारत को भविष्य दिखता : मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में युवा नीति के साथ एआई भविष्य को उज्ज्वल बताया

**नई दिल्ली, 19 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मानव सभ्यता के इतिहास में बड़े बदलावों जितना ही महत्वपूर्ण है.**

उन्होंने बताया कि आज जो हम एआई के प्रभाव देख रहे हैं, वह इसके शुरुआती संकेत हैं. पीएम मोदी ने भारत में युवा प्रतिभा, ऊर्जा और नीति स्पष्टता के साथ एआई के भविष्य को उज्ज्वल बताया.उन्होंने कहा कि इस समिट में तीन भारतीय कंपनियों ने अपने एआई मॉडल और ऐप्स लॉन्च किए, जो 'मेड इन इंडिया' नवाचार और समाधान क्षमता को दर्शाते हैं. मोदी ने जोर दिया कि एआई न केवल मशीनों को बुद्धिमान बना रहा है, बल्कि मानव क्षमता को कई गुना बढ़ा रहा है.

उन्होंने इसे एक परिवर्तनकारी शक्ति बताते हुए कहा कि सही दिशा मिलने पर यह समाधान बनता है.

और नियंत्रण हमेशा मानव के हाथ में रहना चाहिए. प्रधानमंत्री ने एआई की तुलना जीपीएस से करते हुए कहा कि यह रास्ता सुझाता है, लेकिन अंतिम निर्णय उपयोगकर्ता का होता है.

### पिचाई ने कहा- एआई सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म



**नई दिल्ली.** अल्फाबेट और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने गुरुवार को 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के उद्घाटन समारोह में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वह तकनीक है जिसने उन्हें सबसे ज्यादा प्रेरित किया और यह 'हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म परिवर्तन' है. एआई नई खोजों और प्रगति के जरिए उभरती अर्थव्यवस्थाओं की पारंपरिक कमियों को दूर कर सकता है. पिचाई ने सरकारों और उद्योग जगत से आग्रह किया कि वे एआई का इस्तेमाल साहसिक और जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से करें, क्योंकि इसके सकारात्मक परिणाम स्वत: सुनिश्चित नहीं होते. उन्होंने अल्फाफोल्ड का उदाहरण दिया, जिसकी मदद से 190 से अधिक देशों में तीन मिलियन से अधिक शोधकर्ताओं ने मलेरिया के टीके विकसित किए. गूगल डीएनए रोग मार्करों का सूचीकरण कर रहा है.

## अमेरिका ने ईरानी अधिकारियों पर वीजा प्रतिबंध लगाया

**वाशिंगटन ,19 फरवरी.** अमेरिका ने ईरान में हालिया विरोध प्रदर्शनों के दमन के आरोपों के बीच नए वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है. यह कार्रवाई दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 में देशव्यापी प्रदर्शनों पर ईरानी शासन की कथित हिंसक कार्रवाई के जवाब में की गई.आधिकारिक बयान के अनुसार, ईरानी अधिकारियों पर हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग और देशभर में इंटरनेट बंद कर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित करने का आरोप है. 'इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट' की धारा 212 के तहत यह प्रतिबंध लगाए गए हैं.

# भागवत-योगी की बैठक, विस चुनाव पर मंथन

**लखनऊ, 19 फरवरी. उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच लखनऊ में महत्वपूर्ण बैठक हुई.**

करीब आधे घंटे तक चली बैठक को 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों, मंत्रिमंडल विस्तार, सरकार और संगठन के बीच समन्वय, एसआईआर अभियान और यूजीसी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए रणनीतिक माना जा रहा है.सूत्रों के मुताबिक बैठक निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हुई. संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मोहन भागवत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास कर रहे हैं.



इससे पहले योगी और संघ प्रमुख की मुलाकात अयोध्या में राम मंदिर के धर्म ध्वजा समारोह के दौरान भी हुई थी .मुख्यमंत्री की बैठक के बाद गुरुवार सुबह संघ प्रमुख ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक से भी अलग-अलग मुलाकात की. प्रत्येक मुलाकात लगभग 10 मिनट चली. हालांकि इसे औपचारिक शिष्टाचार बताया जा रहा है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक इसे संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय और आगामी चुनाव की रणनीति का संकेत मान रहे हैं. राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए संघ परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी

# नोएडा में 12 निजी विद्यालयों में बम की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**नोएडा 19 फरवरी. उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिला के नोएडा में गुरुवार को 12 बारह निजी विद्यालयों को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके कारण अफरा-तफरी मच गयी.**

सूचना मिलते ही नोएडा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नोएडा,सेंट्रल नोएडा, ग्रेटर नोएडा सहित तीनों जोन के सभी विद्यालयों में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया.

पुलिस ने बताया कि गौतमबुद्धनगर के विभिन्न विद्यालयों को एक ही तरह का धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ. मामले की गंभीरता को देखते हुए बम निरोधक दस्ता, एंटी-सबोटाज चेक टीम और डॉग स्क्वायड को मौके पर भेजा गया. पुलिस आयुक्त समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी स्थिति की निगरानी के लिए मौके पर पहुंचे.बताया जा रहा है कि गत माह जनवरी 23 तारीख को भी इसी तरह का धमकी भरा ई-मेल भेजा गया था, जिसके बाद जांच की गई थी. ताजा मामले में भी पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है.

पुलिस की तरफ से पूर्णत: तलाशी अभियान चलाया. अभी तक किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है. स्थिति पूरी तरह सामान्य है और शांति व्यवस्था कायम है.

## अमेरिका में भारतीय मूल का व्यक्ति 12 लाख डॉलर की धोखाधड़ी में दोषी

**वॉशिंगटन, 19 फरवरी.** अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय मूल के 47 वर्षीय करण गुप्ता को 12 लाख डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में दोषी ठहराया गया है. मिनेसोटा जिले के लिए संयुक्त राज्य जिला न्यायालय में छह दिन चले जूरी ट्रायल के बाद उन्हें वायर फ्रॉड के 10 मामलों और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश में दोषी पाया गया.अभियोजन के अनुसार, गुप्ता ऑप्टम इंक. (यूनाइटेड हेल्थ ग्रुप की सहायक कंपनी) में वरिष्ठ निदेशक थे. 2015 में उन्होंने एक अयोग्य मित्र को फर्जी बायोडाटा के आधार पर नौकरी दिलाई. वह मित्र चार साल तक बिना काम किए वेतन लेता रहा और आधे से अधिक रकम गुप्ता को रिश्वत के रूप में देता रहा.

# 24 करोड़ की ड्रग्स और 2 करोड़ रुपए का सोना जब्त

**मुंबई,19 फरवरी. छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने एक सप्ताह में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 24 करोड़ रुपए की ड्रग्स और 2 करोड़ रुपए का सोना जब्त किया.**


11 से 17 फरवरी 2026 के बीच एयरपोर्ट कमिश्नरेट, मुंबई कस्टम्स जोन-III के अधिकारियों ने स्पॉट चेक और एपीआईएस प्रोफाइलिंग के आधार पर कुल छह मामले दर्ज किए.इनमें से तीन मामलों में बैंकॉक से आए यात्रियों से 9.581 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 9.581 करोड़ रुपए बताई गई. अन्य तीन मामलों में कुल 1336.62 ग्राम अवैध सोना जब्त किया गया.



सभी आरोपी एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार किए गए. खुफिया जानकारी और प्रोफाइलिंग के आधार पर तीन और मामलों में बैंकॉक से आए यात्रियों से 14.780 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद किया गया. अधिकारियों ने बताया कि हाल के महीनों में थाईलैंड से आने वाली उड़ानों में इस प्रकार की तस्करी तेजी से बढ़ी है. कस्टम विभाग ने यात्रियों से अपील की है कि वे कानून का पालन करें और अवैध सामान न लाएं. अधिकारियों ने कहा कि ऐसे तस्करी प्रयासों को नाकाम करने के लिए निगरानी और जांच लगातार तेज की जा रही है, और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

# अमित शाह असम में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II लॉन्च करेंगे

**गुवाहाटी,19 फरवरी. केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को असम के कछार जिले के नाथनपुर गांव में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II (वीवीपी-द्वितीय) की शुरुआत करेंगे.**



यह प्रोग्राम सीमांत और सीमावर्ती गांवों को सशक्त बनाने तथा वहां सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.गृह मंत्रालय के अनुसार, वीवीपी-द्वितीय एक केंद्रीय योजना है.


जिसका व्यय वित्त वर्ष 2028-29 तक ?6,839 करोड़ निर्धारित है. इसे 15 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों में लागू किया जाएगा. प्रोग्राम का उद्देश्य सीमांत गांवों का सतत और पूर्ण विकास सुनिश्चित करना है. इसके तहत बुनियादी ढांचे में सुधार, आधारभूत सेवाओं तक पहुंच, रोजगार के स्थायी अवसर और सामाजिक-सामाजिक समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. वीवीपी-द्वितीय सैचुरेशन-बेस्ड और कन्वर्जेंस-ड्रिवन अप्रोच के ज़रिए काम करेगा.

# शिवाजी महाराज को नमन, रमज़ान की मुबारकबाद

- केजरीवाल का एकता और सद्भाव का संदेश
- शिवाजी महाराज को नमन, रमज़ान की मुबारकबाद

**नई दिल्ली, 19 फरवरी. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती और रमज़ान के पवित्र महीने के अवसर पर देशवासियों को संयुक्त शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं.**

जिनका जीवन साहस, स्वाभिमान, न्याय और सुशासन का अद्भुत उदाहरण है. उन्होंने अपने अदम्य पराक्रम और दूरदर्शी नेतृत्व से न केवल स्वराज्य की स्थापना की, बल्कि एक ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था दी, जिसमें प्रजा का कल्याण सर्वोपरि था. उनका जीवन आज भी हर भारतीय को आत्मसम्मान, राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है.



अरविंद केजरीवाल ने रमज़ान के पवित्र महीने की भी हार्दिक मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह महीना संयम, इबादत, करुणा और भाईचारे का संदेश लेकर आता है. रमज़ान हमें आपसी प्रेम, सहिष्णुता और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है. उन्होंने कामना की कि यह रमज़ान सभी के जीवन में सुख-शांति, खुशियाँ और बरकत लेकर आए तथा समाज में आपसी सद्भाव और एकता को और मजबूत करे.

उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्श और रमज़ान के मूल्यों को अपनाकर ही हम एक न्यायपूर्ण, समरस और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं.

# अमेरिका से समझौता करने में ही है ईरान की भलाई : कैरोलिन

**वाशिंगटन/नयी दिल्ली, 19 फरवरी. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा किसी भी देश के साथ समझौता करने के लिए पहला विकल्प कूटनीति होती है, इसलिए ईरान को अमेरिका के साथ नये समझौते पर बातचीत करना चाहिए.**



व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कही. उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, , 'ट्रम्प हमेशा बहुत स्पष्ट रहे हैं. ईरान या दुनिया के किसी भी देश के मामले में कूटनीति हमेशा उनका पहला विकल्प होता है और ईरान के लिए राष्ट्रपति ट्रंप और इस प्रशासन (अमेरिकी प्रशासन) के साथ समझौता करना बहुत समझदारी भरा कदम होगा.' लेविट ने यह टिप्पणी ऐसे में की है, जब जब जिनेवा में अमेरिका-ईरान के बीचअप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता फिर से शुरू हुई है, जिसमें अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ओमानी मिल रहे हैं.

# शंकर विश्वनाथन को थाई यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की उपाधि

**वेल्लोर,19 फ़रवरी. वीआईटी के वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन को थाईलैंड की राजमंगला यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी क्रुंगथेप ने इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट में डॉक्टर ऑफ़ फिलॉसफी की मानद उपाधि से सम्मानित किया.**

यह प्रतिष्ठित डॉक्टरेट उपाधि यूनिवर्सिटी काउंसिल की सर्वसम्मति से प्रदान की गई। यह सम्मान शंकर की असाधारण लीडरशिप, प्रोफेशनल उपलब्धियों और इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है। उपाधि थाईलैंड की प्रिवी काउंसिल के पालकोर्न सुवनराथ और आरएमयूटीके के प्रेसिडेंट डॉ. पिचाई जनमनी द्वारा प्रदान की गई। यह मानद उपाधि संस्था की ओर से दी जाने वाली सबसे उच्च स्तर की अकादमिक मान्यता का प्रतीक है। अपने एक्सेप्टेंस भाषण में डॉ. शंकर ने भारत और थाईलैंड के साझा सांस्कृतिक और ज्ञान परंपरा को स्वीकार करते हुए दोनों देशों के बीच और अधिक सक्रिय अकादमिक सहयोग की अपील की। समारोह में वीआईटी के चांसलर जी. विश्वनाथन, रमानी बालासुंदरम, सहायक उपाध्यक्ष कधंबरी एस. विश्वनाथन और डॉ. श्रवण कृष्ण भी उपस्थित थे। केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि वीआईटी और भारत की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने वाला महत्वपूर्ण क्षण भी माना जा रहा.



## एक नजर में

### दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति को उम्रकैद



**सोल,19 फरवरी.** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-येओल को 2024 में मार्शल लॉ लागू कर बगावत करने की नाकाम कोशिश के मामले में गुरुवार को सोल की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई. सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने यून को नेशनल असेंबली में सेना भेजकर संसदीय प्रक्रिया को कमजोर करने और संविधान को नुकसान पहुंचाने के प्रयास का दोषी ठहराया .यून पर आरोप था कि उन्होंने 3 दिसंबर 2024 को छह घंटे तक मार्शल लॉ लागू कर बगावत की साजिश रची. उनके साथ पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून और अन्य शामिल थे. अदालत ने स्पष्ट किया कि युद्ध या अन्य किसी नेशनल इमरजेंसी के बिना मार्शल लॉ लागू करना संविधान का उल्लंघन और बगावत के बराबर है. विशेष अभियोजक ने यून के लिए मौत की सजा की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर उम्रकैद सुनाई.

### 118 एकड़ भूमि धारावी पुनर्विकास के लिए सौंपा

**मुंबई, 19 फरवरी.** महाराष्ट्र सरकार ने मलाड-मालवानी के मुक्तेश्वर में स्थित 118 एकड़ भूमि का कब्जा धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के लिए आवंटित किया है. यह भूमि विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (एनएमडीपीएल) को दी गई है, ताकि वे पुनर्वास भवनों की योजना और निर्माण शुरू कर सकें .परियोजना के तहत इस भूमि का उपयोग उन धारावी निवासियों के पुनर्वास के लिए किया जाएगा, जो 1 जनवरी, 2011 से पहले नहीं और 15 नवंबर, 2022 तक धारावी में बसे हैं. मलाड भूमि, कुर्ला और मुलुंड स्थित अन्य भूखंडों के बाद डीआरपी के तहत आने वाली तीसरी बड़ी संपत्ति है. भूमि का स्वामित्व डीआरपी/एसआरए के पास रहेगा, जबकि विकास अधिकार एसपीवी के पास होंगे .कुल 118 एकड़ भूमि का मूल्य लगभग 540 करोड़ रुपए आंका गया है.

### अंसल हब-83 मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुग्राम के सेक्टर-83 स्थित अंसल हब-83 रियल एस्टेट परियोजना से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले में करीब ?82 करोड़ की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं. यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई .जांच हरियाणा पुलिस की एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी, जिसमें अंसल हाउसिंग लिमिटेड (पूर्व में अंसल हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड) के प्रवर्तकों और अधिकारियों पर आरोप लगाए गए हैं. परियोजना लगभग 2.47 एकड़ में फैली है, जिसमें 147 दुकानें, 137 कार्यालय और दो फूड यूनिट शामिल हैं. ईडी के अनुसार, वैधानिक अनुमतियां पूरी किए बिना ही इकाइयां बेची गईं और 2015 में लाइसेंस समाप्त होने के बाद भी 2023 तक निवेशकों से धन लिया जाता रहा. करीब 1,000 निवेशकों ने देरी, अधूरे निर्माण और कब्जा न मिलने की शिकायतें की हैं. जांच में पाया गया कि जुटाई गई राशि परियोजना के बजाय अन्य उद्देश्यों में खर्च की गई. मामले की जांच जारी है.

# वैश्विक समुद्री सुरक्षा के लिए सहयोग अनिवार्य : राजनाथ

**विशाखापत्तनम, 19 फरवरी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापत्तनम में आयोजित बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन -2026 को संबोधित करते हुए कहा कि समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर कमजोरियां और आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाएं वैश्विक समुद्री सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां बन चुकी हैं.**


जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं ने मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की आवश्यकता भी बढ़ा दी है. उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी नौसेना, चाहे कितनी भी सक्षम क्यों न हो, इन बहुआयामी चुनौतियों का अकेले सामना नहीं कर सकती. इसलिए नौसेनाओं के बीच सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है. इस वर्ष 74 देशों की भागीदारी के साथ 'मिलन-2026' अब तक का सबसे बड़ा और समावेशी संस्करण बन गया है, जो भारत को एक जिम्मेदार और भरोसेमंद समुद्री भागीदार के रूप में स्थापित करता है. रक्षा मंत्री ने कहा कि संयुक्त अभ्यासों से पेशेवर विशेषज्ञता साझा होती है, विश्वास मजबूत होता है और साझा चुनौतियों के लिए समन्वित प्रतिक्रिया की क्षमता बढ़ती है. उन्होंने जोर दिया कि भारत अंतरराष्ट्रीय नियमों पर आधारित न्यायसंगत समुद्री व्यवस्था और आवागमन की स्वतंत्रता का समर्थक है. राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षित समुद्री मार्ग वैश्विक व्यापार और स्थिरता के लिए आवश्यक हैं. भारत क्षेत्र में 'सभी के लिए सुरक्षा और विकास' की नीति के तहत विश्वसनीय और रचनात्मक भूमिका निभाता रहेगा.



# मैक्रों ने मोदी से कहा, भारत में बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर बैन लगाएं

**नई दिल्ली,19 फरवरी. इंडिया एआई समिट के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को प्रमुखता देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीसे भारत में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की अपील की.**

उन्होंने बताया कि फ्रांस में इस उम्र के बच्चों के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल प्लेटफॉर्म पर बैन लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. मैक्रों ने कहा कि ग्रीस, स्पेन और अन्य यूरोपीय देश भी इस पहल में शामिल हैं और भारत का जुड़ना इस मुहिम को और मजबूत करेगा.मैक्रों ने जोर देकर कहा कि इंटरनेट और सोशल मीडिया को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाना केवल प्लेटफॉर्म, सरकार और रेगुलेटर्स की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह सभ्यता का सवाल है. उन्होंने कहा, 'जिस चीज़ की असल दुनिया में इजाज़त नहीं है, वह बच्चों को इंटरनेट पर भी नहीं दिखनी चाहिए.



## बिरयानी रेस्टोरेंट्स में 70,000 करोड़ की बिक्री छिपाने का खुलासा

**नई दिल्ली,19 फरवरी.** हैदराबाद में एक बिरयानी रेस्टोरेंट चेन की जांच के दौरान इनकम टैक्स विभाग ने देशभर में बड़े टैक्स चोरी रैकेट का खुलासा किया है. विभाग के मुताबिक 2019-20 से अब तक करीब ?70,000 करोड़ की बिक्री छिपाई गई. जांच में 1.77 लाख रेस्टोरेंट द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बिलिंग सॉफ्टवेयर के 60 टेराबाइट डेटा का विश्लेषण किया गया.अधिकारियों ने पाया कि कई रेस्टोरेंट कैश ट्रांजैक्शन के बिल डिलीट या एडिट कर टैक्स देनदारी कम दिखा रहे थे. आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में ?5,141 करोड़ की बिक्री दबाने का मामला सामने आया.तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र और गुजरात में सबसे ज्यादा गड़बड़ी मिली.

**नमन** देश के बड़े नेताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# धर्म के रक्षक और निर्भीक योद्धा थे शिवाजी महाराज

**मुंबई,19 फरवरी. मराठा साम्राज्य के संस्थापक और 'हिंदवी स्वराज्य' के प्रणेता छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री और विभिन्न दलों के शीर्ष नेताओं ने उनके साहस, दूरदर्शी नेतृत्व और जनकल्याणकारी शासन को नमन किया.**

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने संदेश में शिवाजी महाराज को स्वराज्य के वास्तुकार, धर्म के रक्षक, निर्भीक योद्धा और जनकेंद्रित शासन के समर्थक के रूप में याद किया. पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि महाराज केवल राजा-महाराजा नहीं, बल्कि आराध्य देव हैं. उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने जन-जन के कल्याण को सर्वोपरि रखा और उनका शौर्य, सुशासन और न्यायप्रियता आज भी प्रेरणा स्रोत हैं. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महाराज ने राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए सशक्त सेना का निर्माण किया.



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनका जीवन स्वाभिमान की स्वर्णिम गाथा बताया. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें 'जाणता राजा' कर नमन किया. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि महाराज ने पराक्रम और कल्याणकारी शासन से भारत की संस्कृति की रक्षा की. भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि उनका जीवन अदम्य पराक्रम और न्याय का प्रतीक है. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शिवाजी महाराज को शौर्य और सुशासन का अद्वितीय संगम बताया.

# किंग चार्ल्स के छोटे भाई एंड्र्यू माउंटबैटन गिरफ्तार

**लंदन, 19 फरवरी. ब्रिटेन पुलिस ने किंग चार्ल्स के छोटे भाई एंड्र्यू माउंटबैटन-विंडसर को सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार कर लिया है. यह गिरफ्तारी उनके और यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के बीच संबंधों की जांच के सिलसिले में की गयी है.**

बीबीसी टीवी ने गुरुवार को यह जानकारी दी है. इससे पहले विभिन्न समाचार पत्रों ने रिपोर्ट दी थी कि गुरुवार सुबह पूर्वी इंग्लैंड के सैंड्रिंघम एस्टेट स्थित 'वुड फार्म' पर पुलिस की छह कारें और सादे कपड़ों में लगभग आठ अधिकारी पहुंचे थे. टेम्स वैली पुलिस ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि वे उन आरोपों की समीक्षा कर रहे हैं जिनमें दावा किया गया है कि माउंटबैटन-विंडसर ने जेफरी एपस्टीन को गोपनीय सरकारी दस्तावेज सौंपे थे. ये आरोप हाल ही में अमेरिकी सरकार द्वारा जारी की गई फाइलों के आधार पर लगाए गए हैं.

